//प्रेस विज्ञप्ति //

चौथी एनटीपीसी नेशनल रैंकिंग आर्चरी टूर्नामेन्ट 2023 बोलपुर (प.बंगाल) में म.प्र. राज्य आर्चरी अकादमी के 02 बालिका और 01 बालक खिलाड़ियों ने अर्जित किया क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान

भोपाल दिनांक 05.04.2024

दिनांक 28 मार्च से 5 अप्रैल 2023 तक चौथी एनटीपीसी नेशनल रैंकिंग आर्चरी टूर्नामेन्ट 2023 का आयोजन बोलपुर (बंगाल) में किया गया। प्रतियोगिता में आर्चरी अकादमी जबलपुर के खिलाड़ियों ने द्वितीय और तृतीय स्थान अर्जित कर प्रदेश को गौरवान्वित किया।

बोलपुर (पश्चिम बंगाल) में दिनांक 28 मार्च से 5 अप्रैल 2023 तक आयोजित चौथी एनटीपीसी नेशनल रैंकिंग आर्चरी टूर्नामेन्ट 2023 में म.प्र. राज्य आर्चरी अकादमी, जबलपुर की खिलाड़ी कु. श्रृष्टि सिंह ने कम्पाउण्ड इवेन्ट के महिला वर्ग में शानदार खेल कौशल का परिचय देकर द्वितीय स्थान अर्जित किया। प्रथम स्थान पर दिल्ली की कु. अक्षिता और तृतीय स्थान पर दिल्ली की ही प्रगति ने प्राप्त किया।

कु. जाहन्वी देशमुख ने बालिका वर्ग सब जूनियर रिकर्व इवेन्ट में खेल कौशल ओर एकाग्रता के साथ अच्छा प्रदर्शन कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान पर अंध्रप्रदेश की युक्ता श्री और तृतीय स्थान पर ओडिसा की मानेश्वरी हस्दक ने प्राप्त किया।

पुरूष वर्ग के कम्पाउण्ड मेन इवेन्ट में अकादमी के खिलाड़ी चिराग विद्यार्थी अच्छा प्रदर्शन कर तृतीय स्थान अर्जित किया। प्रथम स्थान पर दिल्ली के प्रियांश और द्वितीय स्थान महाराष्ट्रा के साहिल जाधव ने प्राप्त किया।

____

Mar 31, 2024, 17:01

एनटीपीसी
NTPC
WBAA
4th NTPC National Ranking
Tournament-2023
April, 2024

NTPC
4th NTPC National
Archery Tourname
Bolpur, West Bengal
25th March to 5th April, 2024
Organized by
st Bengal Archers' Association